# निरकतिर–२०२२


## हिंदी


DIET आलप्पुष़ा











# ആമുഖം

കോവിഡ് സൃഷ്ടിച്ച പ്രതിസന്ധികൾക്കിടയിലും ആലപ്പുഴ റവന്യൂ ജില്ലയിലെ പൊതു വിദ്യാലയങ്ങൾ തങ്ങളുടെ അക്കാദമികവും സാമൂഹ്യവുമായ ഉത്തരവാദിത്വങ്ങൾ വിജയകരമായി നിർവ്വഹിച്ചു വരികയാണല്ലോ? ജില്ലയിലെ പൊതു സമൂഹവും, തദ്ദേശ സ്വയംഭരണ സ്ഥാപനങ്ങളും, ജനപ്രതിനിധികളും, വിദ്യാഭ്യാസ വകുപ്പിന്റെ വ്യത്യസ്ത ഏജൻസികളും, വിദ്യാലയങ്ങൾക്കൊപ്പമുണ്ട്.

ജില്ലയിലെ പത്താംതരം വിദ്യാർത്ഥികളുടെ പൊതു പരീക്ഷാ തയ്യാറെടുപ്പിനെ സഹായിക്കുന്ന ഒരു വായനാ സാമഗ്രിയുടെ ആവശ്യകത ഇക്കൊല്ലവും പരക്കെ ഉന്നയിക്കപ്പെടുകയുണ്ടായി.ഇതിന്റെ അടിസ്ഥാനത്തിലാണ് *നിറകതിർ 2022* ഡയറ്റ് തയ്യാറാക്കുന്നത്. കേരള പൊതുവിദ്യാഭ്യാസ വകുപ്പ് എസ്.എസ്.എൽ.സി പരീക്ഷയുമായി ബന്ധപ്പെട്ട് നൽകിയിട്ടുള്ള മാർഗ്ഗ നിർദ്ദേശങ്ങളെ ഉൾക്കൊണ്ടാണ് ഇതിലെ ഉള്ളടക്കം തയ്യാറാക്കിയിട്ടുള്ളത്.

വളരെ കുറഞ്ഞ സമയത്തിനുള്ളിൽ തന്നെ എല്ലാ വിഷയങ്ങളിലും വായനാ സാമഗ്രി തയ്യാറാക്കാൻ കഴിഞ്ഞത് ജില്ലയിലെ അദ്ധ്യാപകരുടെ ആത്മാർത്ഥ പരിശ്രമം കൊണ്ടുമാത്രമാണ്. മികച്ച ആത്മവിശ്വാസത്തോടെ എസ്.എസ്.എൽ.സി. പരീക്ഷയെ അഭിമുഖീകരിക്കാൻ "നിറകതിർ 2022" സഹായിക്കുമെന്ന് പ്രതീക്ഷിക്കുന്നു.

**ഈ സംരംഭത്തെ സഹായിച്ച എല്ലാവർക്കും നന്ദി.**

ഡോ. കെ.ജെ. ബിന്ദു
പ്രിൻസിപ്പൽ ഇൻ ചാർജ്
ഡയറ്റ് ആലപ്പുഴ

എം. അജയകുമാർ
സീനിയർ ലക്ചർ, ഫാക്കൽറ്റി ഓഫ്
ഐ.എഫ്.ഐ.സി
ഡയറ്റ് ആലപ്പുഴ

തീയതി: 15/02/2022.

पाठ के नाम :

१. बीरबहूटी
२. हताशा से एक व्यक्ति बैठ  गया था
३. टूटा पहिया
४ आई एम कलाम के बहाने
५ सबसे बड़ा शो मैन
६ अकाल और उसके बाद
७ ठाकुर का कुआँ
८ बसंत मेरे गाँव का
९ दिशाहीन दिशा
१० बच्चे काम पर जा रहे हैं
११ गुठली तो पराई है।

अधिगम उपलब्धियाँ :

* कहानी पढ़कर आशय प्रस्तुत करता है ।
* कहानी के आधार पर पटकथा तैयार करता है।
* टिप्पणी पढ़कर आशय प्रस्तुत करता है ।
* कविता पढ़कर विश्लेषण करता है।
* कविता पढ़कर आशय प्रस्तुत करता है ।
* कविता पर टिप्पणी लिखता है।
* फ़िल्मी लेख पढ़कर आशय प्रस्तुत करता है ।
* किसी घटना पर रपट तैयार करता है।

| इकाई | पाठ |
|---|---|
| इकाई १ | १ बीरबहूटी<br>२ टूटा पहिया |
| इकाई २ | ३  आई  एम कलाम के बहाने<br>४ सबसे बड़ा शाँ मैन |
| इकाई ३ | ५ अकाल और उसके बाद<br>६ ठाकुर का कुआँ |

## बीरबहूटी

1.बीरबहूटी किस विधा की रचना है?

कहानी

2.बीरबहूटी के रचनाकार कौन है?

प्रभात

3.बेला और साहिल कहाॅ के निवासी थे?

फुलेरा

4. बेला और साहिल क्यों स्कूल केलिए कुछ समय पहले निकल आते थे?

उन्हें बीरबहूटियों को खोजना था।

5.बेला और साहिल कौन-सी कक्षा में पढते थे?

पाॅचवीं

6.बेला और साहिल क्यों दुकान गये थे ?

कलम में स्याही भरवाने के लिए ।

7.साहिल क्यों अपनी पैन में स्याही भर नहीं सका?

स्याही की बोतल खाली हो गयी थी।

8. बीरबहूटी कहानी के बच्चे कौन- कौन हैं ?

साहिल और बेला

9. बीरबहूटी का रंग क्या है?

लाल

10.बीरबहूटियों की विशेषताएँ क्या-क्या हैं ?

सुर्ख, मुलायम और गदबदी।

11. बेला का मन खराब हो गया। क्यों?

सुरेंदर जी ने बेला के बालों में पंजा फंसाया। साहिल की नज़र में वह बहुत अच्छी लड़की है। साहिल के सामने वह सह न पाती।

12. पाँचवीं कक्षा के रिज़ल्ट आने पर साहिल और बेला उदास हुए। क्यों?

साहिल और बेला मित्र थे। दोनों एक ही स्कूल में पढ़ते थे। उनका स्कूल पाँचवीं तक ही था।

1. सूचना : "बीरबहूटी" कहानी का अंश पढ़ें और नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

| |
|---|
| स्कूल आते - जाते हुए और कक्षा में कई दिनों तक दो ऐसे बच्चे दिखाई देते रहे जिनमें से एक के सिर पर पट्टी बंधी होती और एक की पिंडली में। सफ़ेद पट्टी वाले ये दोनों कहीं पर भी साथ ही दिखाई देते। |

1. यहाँ वर्णित बच्चे कौन - कौन हैं ?

बेला और साहिल

2. सिर पर पट्टी बंधने का कारण क्या है ?

बेला छत से गिर गयी और उसके सिर पर चोट लगी थी। इसलिए सिर पर पट्टी बंधी थी।

3. आपके स्कूल में " बीरबहूटी " कहानी का नाटकीकरण होनेवाला है। इसकेलिए आकर्षक पोस्टर तैयार करें।



## सरकारी हायर सेकेंडरी स्कूल



**बीरबहूटी का नाटकीकरण**

**स्कूल सभागृह में**

दिनांक : 06-07-2022

समय : सायंकाल तीन बजे

***सबका स्वागत है***

2 सूचना : निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

| |
|---|
| पाँचवीं कक्षा का रिज़ल्ट आ गया। दोनों छठी में आ गए। यह स्कूल पाँचवीं तक ही था । |

1. अगले साल बेला कहाँ पढ़ेगी ?

राजकीय कन्या पाठशाला में।

2. इस घटना के आधार पर बेला की डायरी लिखें।

आज  मैं खुश हुँ l पाँचवीं का रिज़ल्ट तो अच्छा है l लेकिन अब हम दोनों एकसाथ पढ़ नहीं सकते l साहिल तो अजमेर जाएगा और मैं राजकीय कन्या पाठशाला में l हम आपस में देख नहीं सकते l साहिल ज़रूर दुखी होगा l बीरबहूटियों को खोजने में कितना मज़ा था l वह स्कूली दिन कभी नहीं आएगाl याद कर मुझे रोना आता . . . . . . . . . . . . . . . .

**3. प्रस्तुत गद्यांश के आधार पर बेला और साहिल का वार्तालाप तैयार करें l**

बेला : साहिल, तुम अब कहाँ पढ़ोगे ?

साहिल : मुझे अजमेर भेज देंगे l

घर से दूर हॉस्टल में रहना पढ़ेगा . . .

अकेला . . . . . . . . . और तुम ?

बेला : मुझे राजकीय कन्या पाठशाला में पढ़ाएँगी

अब हम फुलेरा में रह नहीं सकते l

साहिल : तुम्हारा रिपोर्ट कार्ड ज़रा दिखाना l

बेला : लो , तुम्हारा भी दिखाना।

साहिल : अरे , तुम्हारी आँखों में आँसू क्यों ?

बेला : मुझे क्या पता ?. . . . . . . . . . . . . . . . . . .

मैं चिढ़ाऊं अब तुम्हें ?

रोनी सूरत साहिल रोनी सूरत साहिल . . . . . . . . . . . . . . . . . . .

**3 सूचना : निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें l**

*"बेला का मन बहुत खराब हो गया , माटसाब चाहे मुझे पीट लेते मगर साहिल के सामने नहीं ।वह साहिल के सामने खुद को शर्मिन्दा महसूस कर रही थी , क्योंकि वह जानती थी कि वह साहिल की नज़र में बहुत अच्छी है ।जब वह उसके पास आकर बैठी उससे नज़र नहीं मिला पाई ।"*

इस खंड के आधार पर पटकथा का एक दृश्य तैयार करें ।

उत्तर :

दृश्य एक

स्थान : स्कूल मैदान

समय : पूर्वाह्न 11 बजे

पात्र : बेला , साहिल

आयु : करीब 11 साल ( दोनों का)

वेशभूषा : स्कूल यूनिफार्म

चाल- चलन:बुरे मन से

संदर्भ:गणित की कक्षा में सुरेन्दर माटसाब ने बेला के बालों में पंजा फँसाया ।वास्तव में बेला की कोई गलती न थी ।

बेला : ( सिर नीचा करके ) मैं बहुत डर गई थी ।मेरे पाँव अब भी काँप रहे हैं ।

साहिल : तुम अब भी दुखी हो , क्या ?

मैं भी बुरी तरह डर गया, बेला ।

बेला : लेकिन इसमें मेरी कोई गलती नहीं ।माटसाब ने ऐसा क्यों किया ?

साहिल : छोड़ दो , यार ! हम चलें ।

बेलाः हाँ , चलो ।

( दोनों जाते हैं ।)

**3 सूचना . "बीरबहूटी" कहानी का यह अंश पढ़े, और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।**

| |
|---|
| दीपावली की छुट्टियों के बाद जब स्कूल खुला तो बेला के सिर पर सफ़ेद पट्टी बाँधी थी ।कोई उसे होए हेए होए सफ़ेद पट्टी कह रहा था तो कोई सुल्ताना डाकू तो कोई कुछ और कहकर चिढ़ा करता था । |

1. " सफ़ेद पट्टी'' में प्रयुक्त विशेषण शब्द लिखें ।

2 कुछ छात्र बेला को चिढ़ा करता था । क्यों?

3 इस विषय पर बेला और साहिल के बीच की बातचीत लिखें ।

## 4. "बीरबहूटी" कहानी का यह अंश पढ़े, और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

| |
|---|
| एक पैन स्याही भर दो । साहिल से पहले ही बेला ने दूकानदार से कहा । बेटा स्याही की बोतल अभी - अभी खाली हो गई है । अब तो कल ही मिल पाएगी ।' लेकिन इसने तो पैन में जो स्याही थी उसे भी ज़मीन पर छिड़क दिया' बेला बोली । ' बादल को देखकर घड़े को नहीं ढुलाना चाहिए ' दूकानवाले भैया ने कहा । |

1. "इसने" में निहित सर्वनाम लिखें ।

( यह, वह, वे , ये )

2. ' बादल को देखकर घड़े को नहीं ढुलाना चाहिए ' ।

इसका मतलब क्या है?

3. कहानी के इस अंश के आधार पर पटकथा का एक दृश्य लिखें ।

अथवा

4. स्याही न मिलने पर साहिल निराश हुआ ।

जाते वक्त बेला और साहिल के बीच बातचीत हुई । बातचीत कल्पना करके लिखें ।

## 5. सूचना: "बीरबहूटी" कहानी का अंश पढ़ें और नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

| |
|---|
| माटसाब चाहे मुझे पीट लेते मगर साहिल के सामने नहीं । वह साहिल के सामने खुद को शर्मिन्दा महसूस कर रही थी, क्योंकि वह जानती थी कि वह साहिल की नज़र में बहुत अच्छी है । |

1. बेला ……… . मन बहुत खराब हो गया ।

( का, के, की)

2. वह जानती है।

( रेखांकित शब्द के बदले ' मालूम' शब्द का प्रयोग करके वाक्य का पुनर्लेखन करें)

3. कोष्ठक के शब्द सही स्थान पर रखकर वाक्यपिरमिड़ की पूर्ति करें ।

( खुद को, साहिल के सामने)

वह महसूस कर रही थी।

वह शर्मिन्दा महसूस कर रही थी।

………………………………….

. . . …………………………………….

4. बेला की उस दिन की डायरी तैयार करें ।

## 6. सूचना: "बीरबहूटी" कहानी का अंश पढ़ें और नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

| |
|---|
| पाँचवीं कक्षा का रिज़ल्ट आ गया। दोनों छठी में आ गए। यह स्कूल पाँचवीं तक ही था ।<br>" साहिल अब तुम कहाँ पढ़ोगे?'' बेला ने पूछा । |

1. " क्लास" इसकेलिए समानार्थी शब्द लिखें।

2. दोनों छठी में आ गए। दोनों कौन- कौन हैं?

3. साहिल और बेला के बीच का वार्तालाप तैयार करें।

उत्तर:

बेला : अरे! साहिल हम पास गए है।

साहिल : जी हाँ ! कितनी खुशी की बात है न !

बेला : खुशी है पर दुख भी है ।

साहिल : क्यों बेला ?

बेला : हमारा स्कूल पाँचवीं कक्षा तक ही है ।

साहिल : यह बात ठीक है ।अब तुम कहाँ पढोगी बेला ?

बेला : मेरे पापा मुझे राजकीय कन्या पाठशााला भेजने की तैयारी में है और तुम?

साहिल : पापा मुझे अजमेर भेज देंगे।

बेला : अब तुम फुलेरा में नही रहोगे ?

साहिल : ऑखों में ऑसू क्यों है बेला?

बेला : ( डबडबाई ऑखों से) मुझे क्या पता ?

( साहिल की ऑखें बीरबहूटी की तरह लाल होने लगी है और उनमें बारिश की बूंदों - सा पानी भर गया ।)

## टूटा पहिया

1."टूटा पहिया "में विशेषण शब्द लिखें ?

टूटा

2’.मुझे फेंको मत’-किसका कथन है?

टूटा पहिया

3.'टूटा पहिया'  किसकी रचना है?

धर्मवीर भारती

5.यहाँ दुस्साहसी किसे कहा गया है?

अभिमन्यु

6. " टूटा पहिया"  किस विधा की रचना है ?

कविता

7. चक्रव्यूह के अंदर घुसकर युद्ध करनेवाला वीर कौन था ?

अभिमन्यु

8. अभिमन्यु किसका प्रतीक है ?

आम जनता , शोषण का शिकार , साहसी युवा पीढ़ी

9. ' चक्र'  का समानार्थी शब्द क्या है ?

पहिया

10. अक्षौहिणी सेनाओं को चुनौती देनेवाला वीर कौन था ?

अभिमन्यु

11. " टूटा पहिया "  किसका प्रतीक है ?

" टूटा पहिया "  उपेक्षित मानव का प्रतीक है ।

12. "  दुस्साहसी अभिमन्यु "  इसमें " विशेषण " शब्द कौन - सा है ?

दुस्साहसी

13. " अकेली निहत्थी आवाज़ "  किसके बारे में कहा है ?

अभिमन्यु युद्ध क्षेत्र में चक्रव्यूह के अन्दर अकेला घुसा था । उसके अस्त्र - शस्त्र नष्ट हो गए थे । अकेली निहत्थी आवाज़ अभिमन्यु के बारे में कहा है ।

**1. सूचना : " टूटा पहिया " कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

| |
|---|
| मैं<br>रथ का टूटा पहिया हूँ<br>लेकिन मुझे फेंको मत !<br>क्या जाने , कब<br>इस दुरूह चक्रव्यूह में<br>अक्षौहिणी सेनाओं को चुनौती देता हुआ<br>कोई दुस्साहसी अभिमन्यु आकर घिर जाए ! |

1. " टूटा पहिया " नामक कविता किसने लिखी ?

धर्मवीर भारती

2. " चक्र " का समानार्थी शब्द क्या है ?

पहिया

3. " टूटा पहिया " किसका प्रतीक है ?

टूटा पहिया लघु या उपेक्षित मानव का प्रतीक है I

4. टूटे पहिये को क्यों फेंकना नहीं चाहिए ?

जीवन में जिस वस्तु को तुच्छ समझ कर फ़ेंक देते हैं उसका कभी उपयोग करने का मौका आ सकता हैI इसलिए कवि कहते हैं कि टूटे पहिये को फेंकना नहीं चाहिए।

**2. सूचना :' टूटा पहिया ' कविता की पंक्तियां पढ़ें ,और 1से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

इतिहासों की सामूहिक गति
सहसा झूठी पड़ जाने पर
क्या जाने
सच्चाई टूटे हुए पहियों का आश्रय लें।

1. ' टूटा पहिया ' किसका प्रतिनिधित्व करता है ?

( समस्या, लधु मानव, उच्च मानव, हथियार)

2. यह आशयवाली पंक्ति चुनकर लिखें ।

" सत्य का पक्ष टूटे हुए पहियों का सहारा ले सकता है।"

3. कवितांश की प्रासंगिकता पर टिप्पणी लिखें ।

**3. सूचना : टूटा पहिया ' कविता का यह अंश पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

तब मैं
रथ का टूटा हुआ पहिया
उसके हाथों में
ब्रह्मास्त्रों से लोहा ले सकता हुँ।
मैं रथ का टूटा हुआ पहिया हुँ
लेकिन मुझे फेंको मत

1. टूटा पहिया - इस में विशेषण शब्द क्या है?
2. ब्रह्मास्त्रों से लोहा लेने में किसने अभिमन्यु की सहायता की ?
3. कविता में ' चक्र' शब्द के बदले प्रयुक्त होनेवाला शब्द कौन सा है ?
4. कवि और कविता का परिचय देते हुए प्रस्तुत पंक्तियों का आशय लिखें ।

**4. ' टूटा पहिया ' कविता का यह अंश पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

क्या जाने ; कब
इस दुरूह चक्रव्यह में
अक्षौहिणी सेनाओं को चुनौती देता हुआ
कोई दुस्साहसी अभिमन्यु आकर घिर जाए ।

1. . अभिमन्यु किसका प्रतीक है ?
   साहसी युवा पीढ़ी , आम जनता या शोषण का शिकार
2. "चक्र" का समानार्थी शब्द क्या है ?
   पहिया
3. . चक्रव्यूह कैसा है ?
   दुरूह
4. कविता पर टिप्पणी लिखें ।

**5. सूचना : कवितांश पढ़कर नीचे दिए प्रश्नों का उत्तर दें।**

मैं
रथ का टूटा हुआ पहिया हूँ

लेकिन मुझे फेंको मत !
क्या जाने ; कब
इस दुरूह चक्रव्यूह में
अक्षौहिणी सेनाओं को चुनौती देता हुआ
कोई दुस्साहसी अभिमन्यु आकर घिर जाए !

1. अभिमन्यु किसका प्रतीक है ?

आम जनता , शोषण का शिकार, साहसी युवा पीढ़ी

2. अक्षौहिणी सेनाओं को चुनौती देता है। कौन?

अभिमन्यु

3. इस कवितांश पर टिप्पणी लिखें।

यह रचना धर्मवीर भारती के कविता संग्रह ' सात गीत वर्ष ' से चुनी गई है। टूटा पहिया लघु और उपेक्षित मानव का प्रतीक है, जिसे बेकार समझकर फेंक दिया गया है। कवि उसकी संभावनाओं को पहचानता है और उसकी क्षमताओं का मूल्यांकन करता है। यह एक प्रतीकात्मक रचना है। इस प्रतीक को कवि ने महाभारत के कथानक से लिया है।

धर्मवीर भारती का कहना है कि टूटा हुआ पहिया भी संदर्भ आने पर उपयोगी हो सकता है। इसलिए उसकी उपेक्षा नहीं करनी चाहिए। महाभारत युद्ध में अभिमन्यु ने बड़े बड़े महारथियों का सामना करने केलिए रथ के टूटे हुए पहिए का आश्रय लिया। अतः कवि टूटे हुए पहिए को तुच्छ समझकर न फेंकने का आह्वान करते हैं।

## आई एम कलाम के बहाने

1.छाछ किसको पसंद था?

मिहिर

2. स्कूल जाने में रोया करता था -कौन?

मिहिर

3..मिहिर का प्रिय मित्र कौन था?

मोरपाल

4.छोटू अपना नाम क्या रख लेना चाहता है?

कलाम

5.छोटू भाषण लिखकर किसको देता है?

रणविजय

6. छोटू का प्रिय मित्र कौन था?

रणविजय

## 1. सूचना : " आई एम कलाम के बहाने " नामक फ़िल्मी लेख के आधार पर नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

मैं स्कूल की नीली खाकी यूनिफार्म से हमेशा टाला करता।वहीं मोरपाल मुझे जब भी दिखा , हमेशाा वही स्कूल की यूनिफार्म पहने ही दिखा।एक बार तो मुझे याद है कि मोहल्ले की किसी शादी में भी उसे वही नीली- खाकी स्कूल यूनिफ़ार्म पहने देख मैं हैरान रह गया था।

1. ' उसे' में निहित सर्वनाम कौन सा है ?
2. नमूने के अनुसार लिखें।

   मैं स्कूल जाता हूँ। मैं स्कूल जाया करता हूँ।

   वह स्कूल जाने में रोता है। वह स्कूल जाने में ………………… .
3. ' विवाह' शब्द का समानार्थक शब्द कौन सा है ?
4. प्रस्तुत घटना की याद करके लेखक ने अपने मित्र के नाम पर पत्र लिखा।

   वह पत्र तैयार करें ।

**2. सूचना : " आई एम कलाम के बहाने " नामक फ़िल्मी लेख के आधार पर नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

1" रविवार की छुट्टी का दिन उनके लिए हफ्ते का सबसे बुरा दिन हुआ करता " । ऐसा क्यों कहा गया है ?

उ: मोरपाल के मन में महत्वाकांक्षा है। वह जीवन में सफलता पाना चाहता है और स्कूल उस में जोश पैदा करता है। रविवार को स्कूल नहीं है। इसमें वह निराश है और उसे हफ्ते का बुरा दिन मानता है।

2. " लेकिन छोटू सिर्फ छोटू होकर नहीं जीना चाहता " । - इससे आपने क्या समझा ?

उ :छोटू के मन में महत्वाकांक्षा है। टी. वी में राष्ट्रपति अब्दुल कलामजी का भाषण सुनकर वह बड़ा प्रभावित होता है। अपने नाम को कलाम रखने में खुद आनंद महसूस करता है। स्कूल की अच्छी शिक्षा पाकर अब्दुल कलामजी जैसे होना ,उसका एकमात्र सपना है।

3. कलाम तय करता है कि अपनी चिट्ठी सीधे अपने हमनाम डा. कलाम को दिल्ली जाकर खुद देगा।

अपनी चिट्ठी में कलाम ने क्या - क्या बातें लिखी होंगी ? कल्पना करके लिखें।

स्थान:

तारीख:

आदरणीय कलाम जी ,

नमस्कार। थोड़ी लिखी ,बहुत समझना। चिट्ठी को तार समझ कर जल्दी जवाब देना।
मैं ढाबे में काम करनेवाला एक बच्चा हूँ ,जिसकी ज़िन्दगी आपने बदल दी। मेरा नाम छोटू है ,लेकिन मैं अपने को कलाम मानता हूँ। मुझे छोटू अच्छा नहीं लगता। टी. वी में आपका भाषण सुना। कितना अच्छा था . . मैं समझता हूँ कि हर बच्चा लाल बहादुर शास्त्री बन सकता है और राष्ट्रपति कलाम भी बन सकता है।

मैं भी आप जैसे बनना चाहता हूँ। लेकिन मैं बड़ा गरीब हूँ। मुझे स्कूल जाने की इच्छा है ,मेरे मित्र रणविजय के साथ . . . . . . . . . . . .

लूसी मैडम ने वादा किया था ,आपसे मिलवाने का। मुझे आपसे बहुत - सी बातें करनी हैं। मालुम है आपको बच्चे बहुत पसंद हैं। पढ़ - लिख कर मुझे आपके जैसे होना है। इसलिए कृपया आप मेरी मदद कीजिए। बस ,इतना ही कहना है और हाँ. . . . . . . . . . धन्यवाद भी देना।

आपका ,

( हस्ताक्षर )

कलाम ( छोटू )

सेवा में,

डां . ए . पी . जे अब्दुल कलाम

नई दिल्ली

## 3. आई एम कलाम के बहाने" पाठ का आशय समझकर सही मिलान करें ।

| | |
|---|---|
| रोज़ स्कूल जाना | मिहिर खुशी मनाता। |
| रविवार की छुट्टी | यूनीफ़ॉर्म पहनकर आता था। |
| छुट्टी मिलने पर | मिहिर को पसंद न था। |
| शादी में मोरपाल | मोरपाल को बुरी लगती थी। |

**विशेषण शब्द चुनकर जोड़ा बनाएँ।**

| | |
|---|---|
| कमरतोड़ | कपड़े |
| बेहतर | मेहनत |
| सुदूर | यूनीफ़ॉर्म |
| खाकी | देहात |

## 4. सही वाक्य चुनकर लिखें ।

1. मोरपाल स्कूल जाने में रोया करता था।

2. मोरपाल छुट्टी का दिन पसंद करता था।

3 मोरपाल राजमा- चावल पसंद करता था।

4 मोरपाल छाछ लाया करता था।

5 मोरपाल और मिहिर मित्र थे।

## 5. मिहिर बारिश के दिन घर पर नाचा करता था ।क्यों?

उ : मिहिर को स्कूल जाना पसंद नहीं था ।बारिश के अवसर पर स्कूल की छुट्टी होती थी।

**6. " हमारा सौदा था खेल - घंटी में खाने की अदला- बदली का। इस तरह की अदला- बदली से हम क्या समझ सकते हैं ?**

अदला- बदली का अर्थ है लेन- देन। यहाँ मिहिर और मोरपाल खेल घंटी में खाने की चीज़ो की अदला- बदली करते हैं। दोनों की जीवन हालत में बड़ा अंतर है। एक तो अमीर है और दूसरा गरीब। लेकिन बच्चे होने के नाते उनमे ऐसा कोई भेद - भाव नहीं। अपने मित्र को क्या पसंद है ,वह मोरपाल अच्छी तरह समझता है। सच्ची मित्रता का मिसाल हम यहाँ देख सकते हैं।

**7. चोरी का आरोप लगने पर छोटू ( कलाम) चाय की थड़ी छोड़कर दिल्ली पहुंचता है। अब्दुल कलामजी से उनकी भेंट नहीं होती है। लेकिन वह निराश नहीं होता है। उनकी संभावित डायरी लिखें।**

दिल्ली

06. 06. 2022

जिन्दगी की यह कैसी रीत है ?. . . सोचा था , दिल्ली जाकर उनसे भेंट होगी . . . अपने कलाम से। बस आशा की बात यह है - मेरी चिट्ठी पहुंचेगी। मैं भी स्कूल जाऊँ गा . . . . . . पढूँगा . . . . . कलाम जैसे बनूँ। रणविजय अवश्य मेरी सहायता करेगा। कितना भोला है , वह। अमीरी की कोई गुंजाइश उसमें नहीं। पढ़ - लिख कर मैं भी महान बनूँगा. . . . . देश की सेवा करूं गा। काश ! मेरे पिताजी भी होते तो कितना अच्छाहोता ।मैं निरी सपना नहीं देखना चाहता , उसको साकार करना चाहता हूँ। . . . . . .

**8. कलाम तय करता है कि अपनी चिट्ठी सीधे अपने हमनाम डा. कलाम को दिल्ली जाकर खुद देगा। अपनी चिट्ठी में कलाम ने क्या - क्या बातें लिखी होंगी ? कल्पना करके लिखें।**

स्थान:

06- 06- 2022

आदरणीय राष्ट्रपति साहब , नमस्कार l

थोड़ी लिखी , बहुत समझना l चिट्ठी को तार समझ कर जल्दी जवाब देना l मैं ढाबे में काम करनेवाला एक बच्चा हूँ , जिसकी ज़िन्दगी आपने बदल दी l मेरा नाम छोटू है , लेकिन मैं अपने को कलाम मानता हूँl मुझे छोटू अच्छा नहीं लगता l टी. वी में आपका भाषण सुनाl कितना अच्छा था. . मैं समझता हूँ कि हर बच्चा लाल बहादुर शास्त्री बन सकता है और राष्ट्रपति कलाम भी बन सकता है l मैं भी आप जैसे बनना चाहता हूँ l लेकिन मैं बड़ा गरीब हूँl मुझे स्कूल जाने की इच्छा है , मेरे मित्र रणविजय के साथ . . . . . . . . . . . . लूसी मैडम ने वादा किया था , आपसे मिलवाने का l मुझे आपसे बहुत - सी बातें करनी हैं l मालुम है आपको बच्चे बहुत पसंद हैं l पढ़ - लिख कर मुझे आपके जैसे होना है l इसलिए कृपया आप मेरी मदद कीजिए l बस इतना ही कहना है और हाँ. . . . . . . . . . धन्यववाद भी देनाl

आपका आज्ञाकारी छात्र

कलाम ( छोटू )

सेवा में ,

डा . अब्दुल कलाम

राष्ट्रपति

दिल्ली

**9. रणविजय को उसके स्कूल में भाषण देने के लिए कहा जाता है l इस प्रसंग के आधार पर रणविजय और कलाम की बातचीत कल्पना करके लि**खें l

कलाम : अरे . . कूँवर. . . तुझे चोट कै से लगी ?

रणविजय : घबराइए मत , खेल - कू द में चोट लग जाती है l ऊपर आइए l

कलाम : हड्डी तो टूट गयी ?

रणविजय : नहीं , लेकिन ट्रॉफी जीतने का सपना टूट गया l

कलाम : समझा नहीं . . . . .

रणविजय : कल हिंदी भाषण प्रतियोगिता है , लिखूँगा कै से ?

कलाम : तू बोल यार . . . . मैं लिख दूँगा l

रणविजय : काश ! आप रुक पाते . . . . . . . .

कलाम : फिक्र मत कर . . . . मैं लिख दूँगा l मेरी हिंदी तुमसे बढ़ कर अच्छी होती . . . . . है न ?

रणविजय : वह तो है।

कलाम : तो ठीक है। भाई लिखेगा . . . . . . . . . . . . तू बोलना।

## सबसे बड़ा शो मैन

1. सबसे बडा शो मैन कौन था?

चार्ली चाप्लिन

3. सबसे बडा शो मैन किस विधा की रचना है?

जीवनी

4. किसके बदले चार्ली स्टेज पर आया?

माँ के बदले

5. स्टेज पर पैसों की बौछार हुई । क्यों?

चार्ली का गाना सुनकर

**1. सूचना : " सबसे बड़ा शो मैन " जीवनी का यह अंश पढ़ें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

| |
|---|
| कई लोगों ने माँ से हाथ मिला कर उसके छोटे बच्चे की तारीफ़ की। चार्ली स्टेज पर पहली बार आया और माँ आखिरी बार . . . .<br>दुनिया के सबसे बड़े शो मैन का यह पहला शो था। |

1. " दुनिया के सबसे बड़े शो मैन " का यह पहला शो था। यहाँ वर्णित सबसे बड़ा शो मैन कौन है ?
   चार्ली चैप्लिन
2. " तारीफ़ करना " - इसका अर्थ क्या है ?

( स्वागत करना , निंदा करना , प्रशंसा करना )

प्रशंसा करना

3. " सबसे बड़ा शो मैन " किस विधा की रचना है ?

जीवनी

4. लोगों ने बच्चे की तारीफ़ की। क्यों ?

जब चार्ली गाने लगा तो लोग स्टेज पर पैसे फेंकने लगे। चार्ली ने गाना रोक दिया और घोषणा की कि पहले मैं पैसे बटोरूँगा और उसके बाद ही गाऊँगा। इस बात ने हाल को हँसीघर में तब्दील कर दिया। लोगों ने उसकी बहुत तारीफ़ की ।

## 2. सूचना : " सबसे बड़ा शो मैन " जीवनी का यह अंश पढ़ें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

| |
|---|
| मैनेजर ने चार्ली को माँ के कुछ दोस्तों के सामने अभिनय करते देखा था और वह उसे स्टेज पर भेजने की ज़िद करने लगा। माँ डर गयी। पाँच साल का बच्चा इस उग्र भीड को झेल पाएगा! |

1. उस समय चार्ली की माँ का मनोभाव क्या था ?

2. रेखांकित शब्द के बदले कोष्ठक के शब्द का प्रयोग करके वाक्य का पुनर्लेखन करें।

<u>लोग</u> चिल्लाने लगे। ( लड़का)

3. चार्ली की माँ और मैनेजर के बीच का वार्तालाप तैयार करें ।

**3. "सबसे बड़ा शो मैन " का यह अंश पढ़ें, और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।**

| |
|---|
| चार्ली स्टेज पर पहली बार आया और माँ आखिरी बार. . . . . . .<br>दुनिया के सबसे बड़े शो मैन का यह पहला शो था।<br>उसने जन्म ले लिया था । |

1. यहाँ सबसे बड़े शो मैन कौन है ?
2. उसने" में निहित सर्वनाम लिखें।

( यह, वह, वे , ये )

3. चार्ली स्टेज पर पहली बार आया और माँ आखिरी बार. . . . . . .

इस घटना पर एक रपट तैयार करें ।

अथवा

चार्ली की शो की सूचना देते हुए पोस्टर तैयार करें ।

**4 चार्ली के पहले शो के बाद समाचार पत्र में एक रपट आया तो कैसा होगा? कल्पना करके लिखें।**

**पाँच साल के बच्चे ने कमाल कर दिया।**

**लंदन** : आज शहर के मशहूर थियटर में पाँच साल के चार्ली नामक बच्चे ने कमाल कर दिया ।उसकी माँ स्टेज पर गा रही थी ।अचानक उसकी आवाज़ फुसफुसाहट में तब्दील हो गई ।लोग शोर मचाने लगे । मैनेजर की ज़िद पर माँ के बदले चार्ली स्टेज पर आया ।उसने गाना गाया, नृत्य किया, गायकों की नकल उतारी ।और दर्शकों से बातचीत भी की ।उनके भोले व्यवहार से सब खुश हुए ।इतिहास के सुवर्ण पन्नों में इसका नाम जरूर आएगा ।

## अकाल और उसके बाद

1 अकाल ओर उसके बाद किसकी रचना है?

नागार्जुन

2. चूल्हा रोया ।कब?

अकाल में

3.चमक उठी घर भर की आँखें।कब?

घर में दांने के आने पर।

4.दाने आए घर के अंदर।कब ?

अकाल के बाद

5 कौए ने क्या किया ?

अपनी पंखें खुजलाईं।

**1. कवितांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

| |
|---|
| कई दिनों तक चूल्हा रोया, चक्की रही उदास<br>कई दिनों तक कानी कुतिया सोई उनके पास |

1,चूल्हे का रोना और चक्की का उदास होना- इसका मतलब क्या है?

इससे कवि यह बताना चाहते हैं कि घर में भोजन का बिलकुल अभाव है।कई दिनों इन दोनों का कोई इस्तेमाल नहीं हुआ है।

2.कवितांश का आशय समझकर टिप्पणी लिखें।

नागार्जुन हिन्दी के प्रगतिशील साहित्यकार हैं। इस कविता में कवि अकाल की दयनीय स्थिति का वर्णन करते हुए कहते है कि कई दिनों से वहाँ अकाल पड़ा था।अकाल के दिनों में घर में अनाज का एक दाना भी नहीं था।कई दिनों से घर का चुल्हा नहीं जलाया था।अर्थात घर में भोजन नहीं बनाया था।इस से चूल्हा रो रहा था और चक्की उदास रही।कानी कुतिया उसके पास सोता है।

**2. कवितांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

| |
|---|
| दाने आए घर के अंदर कई दिनों के बाद।<br>धुआँ उठा आँगन से ऊपर कई दिनों के बाद। |

1 यहाँ कवि किस स्थिति का चित्रण किया है ?

2. अकाल और उसके बाद किस विधा की रचना है ?

3. कवितांश का आशय लिखें।

**3 अकाल और उसके बाद पाठ का आशय समझकर सही मिलान करें ।**

| | |
|---|---|
| धुआँ उठा | घर के अंदर |
| दाने आए | घर भर की आँखें |
| कौए ने | आँगन से ऊपर |
| चमक उठी | अपनी पंखें खुजलाईं |

# ठाकुर का कुआँ

1. ठाकुर का कुआँ कहानी किसने लिखा है?

   प्रेमचंद

2 ठाकुर का कुआँ कहानी  के मुख्य पात्र कौन-कौन हैं?

गंगी और जोखू

3.हाथ पाँव तुड़वा आएगी और कुछ न होगा।किसने किससे कहा?

 जोखू  ने गंगी से कहा।

4. ला थोड़ा पानी नाक बंद करके पी लूँ।

   किसने किससे कहा?

   जोखू  ने गंगी से कहा  ।


5.ठाकुर का कुआँ कहानी  की मुख्य समस्या क्या है?

  जातीय असमानता

**1 जातीय असमानता  के विरुद्ध पोस्टर तैयार करें।**

- जातीय असमानता समाज का अभिशाप है।
- एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र में भेद-भाव न होना है।
- सबको समान अधिकार है।

**संगोष्ठी  में  भाग लें।**



**दुपहर दो बजे।**

**पंचायत हॉल,कायंकुलम।**

**2.**गंगी की चरित्रगत विशेषताओं पर टिप्पणी तैयार करें।

- ➔ पति से प्यार।
- ➔ कठिन मेहनती।
- ➔ आत्मविश्वास।
- ➔ अन्याय के प्रति विद्रोह।

**'जाति प्रथा एक अभिशाप हैं - विषय पर संगोष्ठी होनेवाला हैं। इस केलिए एक पोस्टर तैयार करें।**

जी एच एस आलप्पुषा

संगोष्ठि

विषय जाति-प्रथा एक अभिशाप है।

१७ फरवरी २०२२

समय सबेरे १०.३० बजे

स्थान स्कूल सभागृह

सबका स्वागत

# हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था

**1. सूचना :** " हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था " पाठ का यह अंश पढ़ें और नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

यह कविता जानना शब्द के रूढ़िग्रस्त अर्थ को पूरी तरह से बदल देती है। इस कविता की पहली दो पंक्तियों में ही कवि अपनी पूरी बात कह देता है।

1. ' जानना' शब्द का रूढ़िग्रस्त अर्थ क्या है ?

2. कवि के अनुसार ' जानना' शब्द का अर्थ क्या है ?

3. यह कविता किसने लिखी है ?

( नरेश सक्सेना , धर्मवीरभारती, विनोदकुमार शुक्ल)

4. सही मिलान करें ।

| | |
|---|---|
| कवि व्यक्ति को नहीं जानता | उसे हमारी मदद की ज़रूरत है। |
| हम दोनों साथ चलें | हताशा को जानता था। |
| वह व्यक्ति मुसीबत में है | दोनों एक दूसरे को नहीं जानते थे। |

**2. "हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था" कविता की पंक्तियाँ पढ़ें ,1से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था
व्यक्ति को मैं नहीं जानता था
हताशा को जानता था
इसलिए मैं उस व्यक्ति के पास गया।

1 व्यक्ति को मैं नहीं जानता था ।

यहाँ ' मैं ' कौन है ?

( नरेश सक्सेना, कवि, हताश व्यक्ति, मित्र)

2. . कवि हताश व्यक्ति के पास क्यों गया ?

3. कविता का आशय लिखें।

4 लेखक हताश व्यक्ति के पास गया । उन्होंने साँत्वना दी ।।

उन दोनों के बीच की बातचीत लिखें।

**3. सूचना : " हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था " पाठ का यह अंश पढ़ें और नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

| |
|---|
| सड़क पर घायल पड़े अपरिचित व्यक्ति को देखकर क्या हम कह सकते हैं कि उसे हम नहीं जानते ?यह कविता मनुष्य को मनुष्य की तरह जानने की याद दिलाती है। |

1. सड़क पर घायल पड़े अपरिचित व्यक्ति को देखकर हमें क्या करना चाहिए ?

हर व्यक्ति में मानवीय संवेदना का होना ज़रूरी है। सड़क पर घायल पड़ा व्यक्ति अपरिचित होने पर भी हमें उसकीसहायता करनी चाहिए।

2. " जानना " शब्द की लेखक की व्याख्या से आप कहाँ तक सहमत है ?

जीवन में महत्वपूर्ण वस्तुओं के होने के बावजूद भी मनुष्य अकेला नहीं रह सकता। वह तो सामाजिक प्राणी है। उनके बीच प्यार , सहानुभूति जैसी भावनाओं का होना ज़रूरी है। जाति , धर्म , लिंग , उम्र आदि किसी भी तरह के भेदभाव का दीवार नहीं होना चाहिए।

3. " हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था " टिप्पणी के लेखक कौन हैं ? 1

नरेश सक्सेना

**4. सूचना : " हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था " पाठ का यह अंश पढ़ें और नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

| |
|---|
| वास्तव में हम जानते हैं कि यह व्यक्ति मुसीबत में है और इसे हमारी मदद की ज़रूरत है ।यह कविता मनुष्य को मनुष्य की तरह ' जानने ' की याद दिलाती है। |

1. सहायता' इसकेलिए समानार्थी शब्द लिखें।
2. हमें मदद की ज़रूरत कब चाहिए ?
3. यह कविता किसकी याद दिलाती है ?
4. अपरिचित होने पर भी कवि ने हताश व्यक्ति की सहायता की।
कवि के उस दिन की डायरी तैयार करें।

## 5. सूचना : " हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था " पाठ का यह अंश पढ़ें और नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

| |
|---|
| हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था<br>व्यक्ति को मैं नहीं जानता था<br>हताशा को जानता था |

1. इसमें वर्णित "मैं" कौन है ?
   विनोदकुमार शुक्ल
2. निराशा केलिए समानार्थक शब्द कौन सा है ?
   हताशा
3. यहाँ कवि किसके बारे में कहना चाहता है ?
   हताशा के बारे में
4. इस कविता का संदेश क्या है ?
   हमें किसी भी व्यक्ति की हताशा, निराशा और असहायता को जानना पहचाना चाहिए।

## 6. सूचना : कवितांश पढ़कर नीचे दिए प्रश्नों का उत्तर दें।

हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था
व्यक्ति को मैं नहीं जानता था
हताशा को जानता था

1. . इसमें वर्णित "मैं" कौन है?

विनोदकुमार शुक्ल

2. " निराशा " केलिए समानार्थक शब्द कौन- सा है ?

हताशा

3. इस कविता का सन्देश क्या है ?

हमें किसी भी व्यक्ति की हताशा , निराशा और असहायता को जानना पहचाना चाहिए ।

4. " हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था " कविता की प्रशंसा करते हुए विनोदकुमार शुक्ल के नाम पत्र भेजें ।

प्रिय मित्र ,

आपकी कविता " हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था " पढ़ी । बहुत सुन्दर है । इनकी पंक्तियाँ बड़े सहज और साफ़ हैं कि व्याख्या की कोई आवश्यकता नहीं । यदि हम किसी व्यक्ति को उसकी हताशा, निराशा, असहायता या उसके संकट से नहीं जानते तो हम कुछ नहीं जानते । आप यही सीख देते हैं न ? आपकी यह कविता मनुष्य को मनुष्य की तरह " जानने " की याद दिलाती है । इसकी गीतात्मकता का बयान कैसे करें ?

जगदीश्वर आपकी भलाई करें ।

## बसंत मेरे गाँव का

1. फूलदेई त्यौहार कहाँ का है ?

उत्तराखंड

2. चौखंभा के कितने शिखर हैं?

चार

3. बसंत किसका त्यौहार लेकर आता है?

फूलदेई का

4.फूलदेई त्यौहार में बड़ों की भूमिका क्या है?

सलाह देना

5.औजी क्या करते हैं?

चैती गीत गाते हैं

6.पंचाचूली की कितनी चोटियाँ हैं?

पाँच

7.बसंत  मेरे गाँव का लेख के लेखक कौन है?

मुकेश नौटियाल

8.  घरवाले बच्चों को क्या देते हैं?

घरवाले बच्चों को चावल, गुड़, दाल आदि देते हैं।

9. दक्षिणा में मिली चीज़ों से क्या करते हैं?

दक्षिणा में मिली चीज़ों को पूरे इक्कीस दिन तक इकट्ठा की जाती है।अंतिम दिन इकट्ठी की गई सामग्री से सामूहिक भोज बनाया जाता है।

10. चैती गीत क्या है? उसकी विशेषता क्या है?

चैती उत्तराखंड का चैत माह पर केंद्रित लोकगीत है।इन गीतों में पांडवों की हिमालय यात्रा के किस्से होते हैं और पहाड़ के वीरों की शौर्य गाथाएँ भी शामिल होती है।

11.बदलती ऋतुएँ और पशुचारकों की ज़िंदगी में क्या संबंध है?

ठंड के मौसम में पशुचारक बर्फीले इलाकों से निचले इलाकों में उतर आते हैं।महीनों तक फैले चराहगाहों,  घने जंगलों और अनजान बस्तियों में भटकते हैं।पशुचारकों के साथ उनके पालतू जानवर भी होते हैं।गर्मियों के दिन के आने पर वे वापस घरों को लौटने लगते हैं।यह खुशी उत्सव का माहौल रचती है। वे गीत गाते हैं नाचते हैं।

## 12 '**बसंत  मेरे गाँव का.**'**पाठ का यह अंश पढ़ें और नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

| |
|---|
| बसंत फूलदेई का त्योहार लेकर आता है ।देर शाम तक बच्चे फूल चुनते हैं ।इन फूलों को रिंगाल से बनी खास तरह की टोकरियों में रखा जाता है ।टोकरियों को रात भर पानी से भरी गागरों के ऊपर रखा जाता है ताकि वे सुबह तक मुरझा न पाएँ ।सुबह पौ फटते ही बच्चों की टोलियाँ गाँव भर में घूमती हैं । |

1.  फूलदेई का त्योहार किस ऋतु में मनाया जाता है ?

( ग्रीष्म ऋतु , शिशिर ऋतु, बसंत ऋतु )

बसंत ऋतु

2. बच्चे फूल कहाँ रखते हैं ?

( पानी में, टोकरी में , कपड़ों में )

टोकरी में

3. "पौ फटने " का अर्थ क्या है ?

( शाम होना, रात होना , प्रभात होना )

प्रभात होना

4. फूलों की टोकरियाँ गागरों के ऊपर क्यों रखते हैं ?

फूलों की टोकरियों को रात भर पानी से भरी गागरों के ऊपर रखा जाता है ताकि वे सुबह तक मुरझा न पाएँ।

**13.** फूलदेई त्यौहार के अवसर पर उत्तराखंड पर्यटन विभाग इसका प्रचार करते हैं।फूलदेई त्यौहार से संबंधित पोस्टर तैयार करें।

**फूलदेई का त्यौहार**

उत्तराखंड का प्रसिद्ध त्यौहार

बच्चों का सबसे बड़ा त्यौहार

सामूहिक भोज

घरों की सजावट

चैती गीत

इक्कीस दिन का त्यौहार

***उत्तराखंड पर्यटन विभाग***



## बच्चे काम पर जा रहे हैं

1.बच्चे कहाँ जा रहे हैं ?

काम पर जा रहे हैं

2.बच्चे कब जा रहे हैं?

सुबह-सुबह

3. दीमकों ने क्या खा लिया है?

रंग-बिरंगी किताबें

4 रंग-बिरंगी किताबें इसमें विशेषण शब्द लिखें

रंग-बिरंगी

**1.** "बच्चे काम पर जा रहे हैं" कविता का यह अंश पढ़ें, और प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

| |
|---|
| क्या दीमकों ने खा लिया है<br><br>सारी रंग -बिरंगी किताबों को<br><br>क्या काले पहाड़ के नीचे दब गए हैं सारे<br>खिलौने |

1.क्या काले पहाड़ के नीचे दब गए हैं सारे खिलौने' - का मतलब क्या है?

बच्चे खेलने के अवसर से वंचित हैं।

2.कवितांश का आशय समझकर टिप्पणी लिखें।

श्री राजेश जोशी हिंदी के आधुनिक कवियों में प्रमुख हैं। ''बच्चे काम पर जा रहे हैं'' बालश्रम पर तीखा प्रहार करनेवाली कविता हैं। क्या सारी गेंद अंतरिक्ष से गिर गई हैं? सारी रंग- बिरंग किताबों को दीमकों ने खा लिया हैं? सारे खिलौने काले पहाड़ के नीचे दब गए हैं?यहाँ के बच्चे इन सबसे वंचित हैं। सारी की सारी किताबें आज दीमकों ने खा लिया ।उन्हें मैदान, बगीचे या आँगन में खेलने का मौका नहीं है। खिलौनों से वे वंचित हैं।

## 2. बच्चे काम पर जा रहे हैं कविता का यह अंश पढ़ें, और प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

| |
|---|
| कोहरे से ढँकी सड़क पर बच्चे काम पर जा रहे हैं ।<br>सुबह- सुबह<br>बच्चे काम पर जा रहे हैं ।<br>हमारे समय की सबसे भयानक पंक्ति है यह । |

1''. हमारे" में निहित सर्वनाम लिखें।

2. बच्चे कहाँ जा रहे हैं और कब?

3. कवितांश का आशय लिखें।

4. जून १२ बालश्रम विरुद्ध दिवस है।आज के बच्चे कल के नागरिक है।

बालश्रम विरुद्ध एक पोस्टर तैयार करें।

अथवा

"बालश्रम को रोको , बच्चों की रक्षा करो ।" यह संदेश देते हुए एक पोस्टर तैयार करें ।




**आज के बच्चे कल के नागरिक।**

**बच्चों को पढ़ाएँ , लिखाएँ ।**

**उनका भविष्य उज्वल बनाएँ ।**

**बालश्रम रोकें, देश को बचाएँ ।**

# दिशाहीन दिशा

1. दिशाहीन दिशा किस विधा की रचना है ?

यात्रा वृत्त

2. दिशाहीन दिशा यात्रा वृत्त के लेखक कौन है?

मोहन राकेश

3. सबके प्रति मेरे मन  में एक सी आत्मीयता जागती रही। किसके मन में ?

मोहन राकेश

4. बूढ़े मल्लाह का नाम क्या था ?

अब्दुल जब्बार

5. मोहन राकेश का मित्र कौन था ?

अविनाश

6. गालिब की एक गज़ल सुनाने लगा। कौन ?

अब्दुल जब्बार

## 1. सही मिलान करें । ( किसने कहा ?)

| | |
|---|---|
| अब्दुल  जब्बार | मेरी यात्रा का अंतिम पड़ाव कन्याकुमारी हो। |
| अविनाश | मैं तो गा नहीं सकता हुज़ूर । |
| मोहन राकेश | लो तुम यह पहन लो। |

## उत्तर

| | |
|---|---|
| अब्दुल  जब्बार | मैं तो गा नहीं सकता हुज़ूर । |
| अविनाश | लो तुम यह पहन लो। |
| मोहन राकेश | मेरी यात्रा का अंतिम पड़ाव कन्याकुमारी हो। |

2. दिशाहीन दिशा यात्रा वृत्त का यह अंश पढ़ें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> " रात को ग्यारह के बाद हम घूमने निकले। भोपाल ताल के पास पहूँचे तो मन हो आया कि नाव लेकर कुछ देर झील की सैर की जाए।"

1. हम घूमने निकले। यहाँ हम कौन- कौन हैं ?

   मोहन राकेश और अविनाश

2. वे कहाँ सैर करना चाहते हैं ?

   नाव लेकर झील की सैर करना चाहते हैं।

3.प्रस्तुत घटना को लेकर पटकथा का एक दृश्य लिखें।

**दृश्य।**

स्थान : भोपाल ताल के किनारे ।

समय : रात के साढ़े दस बजे ।

पात्र : मोहन राकेश - आयु : 50 वर्ष

वेश भूषा : कुर्ता - पाजामा

अविनाश - आयु : 47 वर्ष

वेश भूषा : कुर्ता - पाजामा

अब्दुल जब्बार : आयु : करीब 60 वर्ष

वेशभूषा : तहमद

दृश्य का विवरणः

( भोपाल ताल में नाव खेते हुए एक बूढ़ा मल्लाह नज़र आ रहा है। नाव में मोहनराकेश और मित्र अविनाश है। मोहन राकेश लेटे हुए है। मल्लाह सिर्फ तहमद पहना हुआ है। कडी सर्दी है। अविनाश गज़ल गाने का आग्रह प्रकट करता है। बूढ़ा मल्लाह गाने की धुन में है)

मोहन  राकेश : बडी सुहानी रात है, कडी सर्द भी है।

अविनाश : हाँ, अगर हममें से कोई इस वक्त कोई गाना पेश करें तो कितना अच्छा होता।

अब्दुल ब्बार : मैं गा तो नहीं सकता, हुज़ूर ।

अविनाश : फिर भी कुछ प्रयास करें।

अब्दुलजब्बार : कुछ गज़लें तरन्नुम के साथ पेश करने का प्रयास करूँ?

मोहन राकेशऔर अविनाश : ( एकसाथ)  ज़रूर, ज़रूर ।

( बूढा मल्लाह ताल-  लय के साथ गज़लें गाने लगता है।)

### 3. संबन्ध पहचानें और सही मिलान करें ।

मोहन राकेश ने पहले सोचा था - -  भोपाल ताल घूमने गया ।

मोहन राकेश की बड़ी इच्छा थी - -  मोहन राकेश समुद्र -  तट की यात्रा न कर सके ।

समय और साधन की कमी से - -  समुद्र तट का सफ़र करें ।

मोहन राकेश अविनाश के साथ - -  कन्याकुमारी चला जाऊँ ।

Ans.

मोहन राकेश ने पहले सोचा था - -  कन्याकुमारी चला जाऊँ ।

मोहन राकेश की बड़ी इच्छा थी - -  समुद्र तट का सफ़र करें ।

समय और साधन की कमी से - -  मोहन राकेश समुद्र- तट की यात्रा न कर सके ।

मोहन राकेश अविनाश के साथ - -  भोपाल ताल घूमने गया ।

4. सर्वनाम और प्रत्यय जोड़कर लिखें।

| | |
|---|---|
| मैं + को | ------------------- |
| मैं + का | ------------------- |
| मैं + की | ---------------- |
| मैं + के | --------------------- |
| वह + का | ------------------- |
| वे+ का | --------------- |
| वह + की | ------------------ |
| यह + का | ----------------- |
| ये + का | ------------------- |

| | |
|---|---|
| मैं + को | मुझे ( मुझको) |
| मैं + का | मेरा |
| मैं + की | मेरी |
| मैं + के | मेरे |
| वह + का | उसका |
| वे+ का | उनका |
| वह + की | उसकी |

| | |
|---|---|
| यह + का | इसका |
| ये+ का | इनका |

**गुठली तो पराई है**

1. घर में किसकी शादी थी ?

दीदी की

2. गुठली तो पराई है किस विधा की रचना है?

कहानी

3. किससे बात करना गुठली को अच्छी नहीं लगती?

बुआ से

4. बेटा, बुआ की बात का बुरा मत मान। किसने किससे कहा?

माँ ने गुठली से कहा ।

5. कहानी में किस समस्या का संकेत है ?

समाज में स्त्री- पुरुष समता का अभाव ।

6. वाक्य पिरंमिड़ की पूर्ति करें

( सीढ़ियों पर, गुस्से के साथ)

गुठली बैठ गई ।

गुठली उदास बैठ गई ।

- - - - - - - - - -

- - - - - - - - - - - -

7. बुआ की बातें सुनकर गुठली उदास हुई।

माँ ने सांत्वना दी।

दोनों के बीच का वार्तालाप तैयार करें।

माँ : उदास क्यों

गुठली : अम्मा. . . . बुआ डाँटती है।

माँ : बेटा, बुआ की बात का बुरा मत मान।

गुठली : यह तो मेरा घर नहीं है क्या?

माँ : तेरा ही घर है ।

गुठली : शादी के कार्ड में मेरा नाम भी नहीं था

माँ : परेशान मत बनो ।

गुठली : जी, माँ।

8. गुठली अपने मन की बातें अपनी सहेली से बताना चाहती है। वह सहेली के नाम पत्र लिखती है । वह पत्र कल्पना करके तैयार करें।

स्थान:

तारीख:

प्रिय मित्र,

नमस्कार। तुम कैसी हो ? खुश है न ? मैं यहाॅ कुशल से हुॅ। कई दिनों से मैं एक पत्र लिखना चाहती हुं।

मैं तो यहाॅ बहुत दुखी हुँ। घर में मेरी बुआ का उपदेश मैं सह नहीं सकती- जैसे, ऐसा मत करो, ऐसे पट पट मत बोलो, ऐसे धम धम मत चलो आदि। कल मुझसे कहा है कि यह घर मेरा नहीं है। घर की लडकी तो और किसी की अमानत है। ससुराल ही मेरा असली घर होगा आदि। यह घर भैया का है। यह सुनकर मुझे बहुत

अधिक दुख हुआ। क्या हमारे समाज में लडका- लडकी एक समान नहीं है? इतना भेद भाव क्यों? लडकों को घर में कोई रोकटोक नहीं। पिछले वर्ष दीदी की शादी के अवसर पर एक बात हुई। शादी के कार्ड पर भैया के छोटे बच्चे तक का नाम भी छपवाया। फिर भी उसमें मेरा नाम नहीं था। इस पर मैं बहुत दुखी हुं। हमारे समाज में लडकियों को कोई स्थान नहीं। यह पढकर तुम्हें क्या लगता है ? हमें उसके विरुद्ध आवाज़ उठानी है।

मॉ बाप को मेरा नमस्कार कहना। जवाब की प्रतीक्षा में।

तुम्हारी सहेली

गुठली

सेवा में,

नाम

पता।

**9. कोष्ठक के शब्दों से पिरमिड़ की पूर्ति करें ।**

( माँ की बातों से , और भी )

हताश हो गई ।

गुठली हताश हो गई ।

---

---

उ:

गुठली और भी हताश हो गई ।

माँ की बातों से गुठली और भी हताश हो गई ।

10. बेटी पढ़ाओ , बेटी बचाओ - विषय पर पोस्टर तैयार करें ।




बेटियाँ ईश्वर का वरदान

मत छीन लो इनका अधिकार

नारी का सम्मान,देश का सम्मान

*पढ़ी - लिखी नारी, भविष्य की प्रगति* । जिस घर में होता बेटी का सम्मान,वह घर होता स्वर्ग समान ।

**SSLC ANNUAL EXAMINATION , MARCH 2022 (model)**

**HINDI**

**Time: 90 Minutes Third Language** **Total Score: 40**

**सामान्य निर्देश :**

- पहला 15 मिनट के समय प्रश्नों का वाचन करें, मन पसंद प्रश्नों का चयन करें तथा उत्तर लिखने की तैयारी करें ।

- सूचनाओं को ध्यान से पढ़ें और उत्तर लिखें।
- उत्तर लिखते समय अंक और समय पर ध्यान दें।
- सूचना के अनुसार वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर लिखें।
- 1 से 24 तक के प्रश्नों केलिए अधिकतम अंक 40 है।

**Part – 1**

**A)** सूचना : **1** से **6** तक के प्रश्नों में से किन्हीं **4** के उत्तर लिखें । **(4x1 )= 4 )**

1. बेला और साहिल स्कूल के लिए घर से कुछ समय पहले निकल आते थे ।क्यों ?

क) उनको मित्र से मिलना था ।

ख) गणित के अध्यापक से मिलना था ।

ग) उनको बीर बहूटियों से मिलना था ।

घ) दूकानदार से मिलना था ।

2. चार्ली को कौन स्टेज पर भेजने की ज़िद करने लगा ?

क) माताजी

ख) दर्शक

ग) मैनेजर

घ) मित्र

3. " टूटा पहिया " किसका प्रतीक है ?

क)  अधर्म या अन्याय का प्रतीक है ।

ख)  लघु या उपेक्षित मानव का प्रतीक है ।

ग)  मानव जीवन की समस्याओं का प्रतीक है ।

घ)  अधर्म के शिकार का प्रतीक है ।

1

4.  " शेर का मुँह इससे भयानक न होगा ।"  यहाँ किसके बारे में कहा गया है ?

क) गंगी

ख) ठाकुर

ग)   जोखू

घ)   साहूजी

5.  अंत में कलाम को अपनी मंजिल मिलती है । मंजिल क्या थी ?

क)  मास्टर बनना

ख)  किसान बनना

ग) पढ़कर बड़े बनना

घ)  दूकानदार बनना

6.  '  आँखें चमक उठीं '  -  का तात्पर्य क्या है ?

क)  घर के सभी बेचैन हो गए ।

ख)  घर के सभी निराश हो गए  ।

ग)  घर के सभी खुश हो गए  ।

घ)  घर के सभी बीमार हो गए  ।

**B )  सूचनाः 7 से 9 तक के प्रश्नों में से सभी 3 के उत्तर लिखें  ।**  **( 3 x 1 = 3 )**

7.  शादी के कार्ड में किसका नाम नहीं छपा था ?

क)  ताऊजी का

ख)  गुठली का

ग) बुआ का

घ) भाई का

8.  बूढ़े मल्लाह का नाम क्या था ?

क)  मोहन राकेश

ख)  अब्दुल जब्बार

ग)  अविनाश

घ)  अहमद

9.  गंगा में पानी की **धारा** तेज हो जाती है  ।"  धारा "  के बदले **" प्रवाह "**  का प्रयोग करें  ।

## Part - 2

**A) सूचनाः प्रश्न 10 का उत्तर एक या दो वाक्य में लिखें ।( 1 x 2 = 2 )**

10. जोखू को वही मैला - गंदा पानी पीना पड़ा ।क्यों ?

**B ) सूचना : 11 से 12 तक के प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखें ।( 1 x 2 = 2 )**

11. ' हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था ' कविता का संदेश क्या है ?

12. कोष्ठक के उचित शब्द सही स्थान पर रखकर पिरमिड की पूर्ति करें

काम पर जा रहे है ।

बच्चे काम पर जा रहे हैं।

. . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .

. . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .

( **कोहरे से ढँकी , सड़क पर** )

## Part - 3

A ) सूचना : 13 से 16 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 3 के उत्तर लिखें ।( 3 x 3 = 9 )

13. ' हम क्यों नीच हैं और ये लोग क्यों ऊँच हैं ? ' - गंगी के इस विचार पर आप का मत क्या है ?

14. तीन सही प्रस्ताव चुनकर लिखें ।

क. छाछ मोरपाल की कमज़ोरी है ।

ख. मोरपाल रविवार को हफ़्ते का सबसे बुरा दिन मानता था ।

ग. राणा के सेवक कलाम पर चोरी का आरोप लगाते हैं ।

घ. स्कूल जाकर पढ़ना कलाम का सपना था ।

ङ कलाम को अपनी मंजिल नष्ट हो जाती है ।

15. ' बेला साहिल के सामने खुद को शर्मिंदा महसूस कर रही थी ' ।क्यों ?

16. कवि ने अकाल का चित्रण किस प्रकार किया है ?

**B ) सूचनाः प्रश्न 17 का उत्तर तीन या चार वाक्य में लिखें । ( 1 X 3 = 3 )**

17. बच्चे फूलदेई का त्यौहार कैसे मनाते हैं ?

## Part – 4

**A) सूचनाः 18 से 20 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 3 के उत्तर लिखे ( 2 x 4 = 8 )**

18. चोरी का आरोप लगने पर छोटू चाय की दूकान छोड़कर भाग जाता है ।अगले दिन के समाचार पत्रों में यह खबर आती है ।इसपर रपट तैयार करें ।

19. कवि और कविता का परिचय देते हुए इन पंक्तियों का आशय लिखें ।

दाने आए घर के अंदर कई दिनों के बाद
धुआँ उठा आँगन से ऊपर कई दिनों के बाद
चमक उठीं घर भर की आँखें कई दिनों के बाद
कौए ने खुजलाईं पाँखें कई दिनों के बाद ।

20. स्कूल के बुरे अनुभव पर बेला अपनी डायरी लिखती है ।वह डायरी तैयार करें ।

**B) सूचना : 21 से 22 तक के प्रश्नों में से किसी 1 का उत्तर लिखें ।     ( 1 X 4 = 4 )**

21. फूलदेई त्यौहार के अवसर पर उत्तराखंड पर्यटन विभाग इसका प्रचार करते हैं ।इससे संबन्धित पोस्टर तैयार करें ।

22. भोपाल ताल की सैर के अनुभवों का जिक्र करते हुए मित्र के नाम मोहन राकेश का पत्र लिखें ।

**Part – 5**

**A) सूचना : 23 से 24 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 1 के उत्तर लिखें ।( 1 X 5 = 5 )**

" बेला का मन बहुत खराब हो गया , माटसाब चाहे मुझे पीट लेते मगर साहिल के सामने नहीं ।वह साहिल के सामने खुद को शर्मिंदा महसूस कर रही थी, क्योंकि वह साहिल की नज़र में बहुत अच्छी है। जब वह उसके पास आकर बैठी उससे नज़र नहीं मिला पाई ।"

23. इस खंड के आधार पर ***पटकथा का एक दृश्य*** तैयार करें ।

24. उचित वाक्यांश चुनें , वाक्यों की पूर्ति करें ।

* राष्ट्रपति कलाम सा बनना ।

* अपनी दोस्ती का प्रण नहीं तोड़ता ।

* अपनी मंजिल मिलती है ।

* छाछ मेरी कमज़ोरी है ।

* उसकी हिंदी इतनी अच्छी नहीं ।

( क) मोरपाल को पता था कि

. . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .

. . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .

( ख) छोटू का सपना है स्कूल जाना और

. . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .

. . . . . . . . . . . . . . . . .

( ग) रणविजय परेशान है क्योंकि

. . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .

. . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .

( घ) कलाम चोरी के झूठे आरोप के सामने भी

. . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .

. . . . . . . . . . . . .

( ङ) कथा के अन्त में कलाम को

. . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .

. . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .

***************************************************************

***************

<u>प्रश्न पत्र का नमूना- 2</u>

Maximum score: 40

**<u>क. 1 से 6 तक के प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखें ।</u>** 4*1=4

1. बेला - - - - - - - मन बहुत खराब हो गया ।

( का , के, की )

2. टूटा पहिया किसका प्रतीक है

( शोषण का, अन्याय का, लघु मानव का)

3. छाछ किसकी कमज़ोरी है ?

( मिहिर की , मोरपाल की, छोटू की)

4. चार्ली को स्टेज पर भेजने की ज़िद किसने की ?

( मॉ ने, मैनेजर ने, श्रोताओं ने)

5. ' शिकस्त' शब्द का समानार्थी शब्द कौन सा है?

( दुखित, पराजित , खुश)

6. ' कंधा देना' का मतलब क्या है ?

( सताना, सहारा देना. सलाह देना)

**<u>ख. 7 से 9 तक के सभी प्रश्नों के उत्तर लिखें।</u>** 3* 1=3

7. ' इनका ' में निहित सर्वनाम कौन सा है ?

( यह, ये, वे)

8. उसका गला कॉफी अच्छा था। किसका ?

( लेखक का, मल्लाह का, अविनाश का)

9. क्या अंतरीक्ष में गिर गई हैं सारी गेंदें - इस पंक्ति में गिर गई है क्रिया रूप किस शब्द के आधार पर है ?

( अंतरीक्ष, गेंद, क्या)

**<u>ग. उत्तर लिखें</u>**

10. ' बेला साहिल से नज़र नहीं मिला पाई ' ।क्यों ? ( 1* 2=2)

**<u>घ. 11 से12 तक के प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखें। ( 2 Marks)</u>**

11. ' गुठली तो पराई है' कहानी में किसका संकेत है ? ( 1* 2=2)

12. नमूने के अनुसार वाक्य बदलकर लिखें।

( क) अब हम लौट चलेंगे। अब हम लौट चलें।

मैं एक लंबी यात्रा करूंगा।मैं एक लंबी यात्रा. . . . . . . . . . . ।

( ख) रामू रोटी खाता है। रामू से रोटी खाया जाता है।

लीला रोटी खाती है। लीला से रोटी . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . ।

**ङ. 13 से 16 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखें ।** ( 3* 3=9)

13. बादल को देखकर घडे को नहीं ढुलाना चाहिए। दूकानदार ने ऐसा क्यों कहा ?

14. इतिहासों की सामूहिक गति

सहसा झूठी पड जाने पर

क्या जाने

सच्चाई टूटे हुए पहियों का आश्रय लें। इन पंक्तियों से कवि क्या बताना चाहते है ?

15. अकाल और उसके बाद कविता में कवि ने अकाल का वर्णन कैसे किया है ?

16. ' हम क्यों नीच है और ये लोग क्यों ऊंच है ?' गंगी के इस विचार पर आपका मत क्या है ?

17. सही मिलान करें। ( 3)

| | |
|---|---|
| व्यक्ति को मैं नहीं जानता था | उसे हमारी मदद की ज़रूरत है। |
| मुझे वह नहीं जानता था | हताशा को जानता था। |
| वह व्यक्ति मुसीबत में है | हाथ बढाने को जानता था। |

**18 से 20 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखें। ( 2* 4=8)**

18. टूटा पहिया कविता की प्रासंगिकता पर टिप्पणी लिखें।

19. मॉ छोटू को भाटी सा की चाय की दूकान में नौकरी केलिए छोड देती है। इस अवसर पर मॉ और भाटी सा के बीच का वार्तालाप कल्पना करके तैयार करें।

20. आपके स्कूल में ' जातिप्रथा एक अभिशाप' विषय पर संगोष्ठि होनेवाला है। इस केलिए एक पोस्टर तैयार करें।

**<u>21से 22 तक के प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखें। ( 1* 4=4)</u>**

21. नकद उधार के ऑकडे कहीं दर्ज नहीं होते ।आपसी विश्वास के आधार पर सदियों से चली आ रही इस सिलसिले पर एक रपट तैयार करें।

22. ' तीसरी गज़ल सुनकर वह खामोश हो गया। उसके खामोश हो जाने से सारा वातावरण ही बदल गया।' बूढे मल्लाह अब्दुल जब्बार के साथ हुई भोपाल ताल की सैर के बारे में लेखक अपनी डायरी में कुछ लिखते है। वह डायरी तैयार करें।

**<u>23 से 24 तक के प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखें।</u>**( 1* 5=5)

23. पैन में कुछ स्याही बची थी, उसे साहिल ने ज़मीन पर छिडक दिया। ऩई स्याही भरवाने केलिए दोनों दूकान पर पहुंचे। इस प्रसंग के आधार पर एक पटकथा तैयार करें।

24. हाथ पॉव तुडवा आएगी। और कुछ न होगा, बैठ चुपके से. . . . . . इस प्रसंग के आधार पर एक पटकथा तैयार करें।

# सदस्य

डां. मिनी. पी
जी. वी. एच. एस, चुनक्करा

शिवरामकृष्णन
एस . एन. एम , जी. वी. एच, एच. चेरत्तला

मधुसूदनन पिल्लै के. जी
जी. एच . एस. एस, बुधनूर

श्रीलता . के . एस
जी . जी एच. एस एस. मावेलिक्करा